आईसीएमआर- राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग)
सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली- 110077, भारत
टेलीफोन:+91-11-25307103, 25307104, 25361092, 25361093
वैबसाईट : www.nimr.org.in, nimr.icmr.org.in

विज्ञापन संख्या- एनआईएमआर/एडमिन/डीएसटी-वी/72/20/ दिनांक: 19-07-2021

संविदागत पद हेतु रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान द्वारा नीचे दिए गए अस्थायी प्रौजेक्ट पदों के लिए प्रत्येक पद के सामने दर्शा ये गई अवधि हेतु आईसीएमआर-एनआईएमआर में वॉक-इन-इंटरव्यू/लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। आवश्यकता अनुसार अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। आवश्यक योग्यता, अनुभव और आयु मानदंड रखने वाले उम्मीद्वार **वॉक-इन-इंटरब्यू/लिखित परीक्षा** में निर्धारित आवेदन पत्र भरकर और जन्मतिथि, अर्हताएं और अनुभव के लिए सहायक दस्तावेजों के साथ **नीचे दी गई समयसारणी में दर्शायी गई दिनांकों अनुसार** आईसीएमआर-एनआईएमआर, सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077 में उपस्थित हो।

विज्ञापन और निर्धारित प्रारूप वेबसाइट https://nimr.org.in/category/vacancy/ https://nimr.icmr.org.in/index.php/notifications/vacancies and https://main.icmr.nic.in/. पर उपलब्ध है।
.

प्रौजेक्ट शीर्षक: **“Establishing a pan-India landscape of human Plasmodium infections from dried blood spots collected under National Family Health Survey-5 (NFHS-5)”**

(प्रधान अन्वेषक : डॉ. अभिनव सिन्हा, वैज्ञानिक ‘ई’)

प्रोजेक्ट विवरण: संक्षेप में, प्रोजेक्ट का उद्देश्य सर्वेक्षण के दौरान व्यक्तियों से एकत्र किए गए सूखे रक्त धब्बे (डीबीएस) से पृथक डीएनए में *प्लाज्मोडियम* परजीवी की 5 विभिन्न प्रजातियों में से किसी की उपस्थिति का पता लगाना है।

क्रम संख्या	पद का नाम (पदों की संख्या)	मासिक समेकित परिलब्धियां	नौकरी का विवरण / अनिवार्य अर्हता / वांछनीय योग्यता और अनुभव	आवेदन की अंतिम तिथि को आयु सीमा
1.	रिसर्च एसोशिएट-I (01) (अनारक्षित) **(अवधि 9 महीने तक) आगे बढ़ाई जा सकती है**	47,000/- +एचआरए @ 24%	अनिवार्य अर्हता: पीएचडी या प्रासंगिक विषय में समकक्ष डिग्री या एमएससी / एमफार्मा / एमटेक के बाद प्रासंगिक विषय में 3 वर्ष का शोध, शिक्षण एवं डिजाइन और विकास का अनुभव	40 वर्ष

			वांछनीय: प्रासंगिक क्षेत्र में प्रदर्शनकारी अनुसंधान अनुभव (डीएनए/आरएनए अलगाव, आणविक निदान, रीयलटाइम पीसीआर, ताकमन जांच-आधारित निदान) नौकरी का विवरण: डाटा विश्लेषण का अनुसरण करते हुए मानव मलेरिया परजीवी के निदान के लिए ताकमन-आधारित वास्तविक समय पीसीआर और साथ ही पीआई द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य।	
2.	सीनियर रिसर्च फैलो (02) (01-एससी) (01- ओबीसी) **(अवधि 3 महीने तक) आगे बढ़ाई जा सकती है**	35,000/- +एचआरए @ 24%	**अनिवार्य अर्हता :** (बेसिक साइंस में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री या प्रोफेशनल कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) और दो साल का शोध अनुभव **वांछनीय:**प्रासंगिक क्षेत्र में प्रदर्शनकारी अनुसंधान अनुभव (डीएनए/आरएनए अलगाव, आणविक निदान, रीयलटाइम पीसीआर, ताकमन जांच-आधारित निदान)। **नौकरी का विवरण**: मानव मलेरिया परजीवी के निदान के लिए स्वचालित न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रैक्टर और रीयल-टाइम पीसीआर का उपयोग करके डीएनए का अलगाव, साथ ही पीआई द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य।	35 वर्ष
3.	प्रोजेक्ट सहायक (01)(अनारक्षित) **(अवधि 7महीने तक) आगे बढ़ाई जा**	रुपये 31,000/-	अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान / प्रासंगिक विषयों में स्नातक + किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन साल का कार्य	30 वर्ष

	सकती है		अनुभव या जीवन विज्ञान में मास्टर डिग्री **वांछनीय:** भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं या राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (नेट) या आणविक जीव विज्ञान (डीएनए/आरएनए आइसोलेशन, पीसीआर प्राइमर डिजाइनिंग) में एक वर्ष या उससे अधिक का व्यावहारिक अनुभव। नौकरी का विवरण: पीआई द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों के साथ-साथ स्वचालित न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रैक्टर का उपयोग करके डीएनए के अलगाव की पूर्व-उपचार प्रक्रियाएं।	

<u>प्रौजेक्ट शीर्षक:</u> "Development of molecular diagnostics tool for identification of non-human primates malaria parasites *Plasmodium cynomolgi and Plasmodium knowlesi*"

(प्रधान अन्वेषक: डॉ . राम दास, वैज्ञानिक'डी')

1.	प्रोजैक्ट सहायक (01)(ओबीसी) **(6 माह की अवधि तक)**	Rs 18,000/-	**अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जीवन विज्ञान / प्रासंगिक विषयों में स्नातक + किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन साल का कार्य अनुभव या जीवन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री **वांछनीय:** एमएससी सूक्ष्मजीव विज्ञान/ जैव प्रोद्योगिकी/जैव रसायन विज्ञान में एमएससी और भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं या राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण आणविक जीव विज्ञान (डीएनए/आरएनए अलगाव, आरटी-पीसीआर और डीएनए अनुक्रमण) में एक वर्ष या उससे अधिक का व्यावहारिक अनुभव	30 वर्ष

शर्तें और निबंधन:

1. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र (संलग्न) को यथाविधि भर कर प्रत्येक पद के आगे दर्शाए गए दिनांकों को वॉक-इन इन्टरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए उपस्थित रहें। **कृपया ध्यान दें, प्रत्येक/पृथक परियोजना के प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र भरे जाने है।**
2. यहाँ यह उल्लेख किया जाता है कि अपूर्ण आवेदन पत्रों, निर्धारित प्रारूप में नहीं भरे गए एवं बिना सहायक दस्तावेजों वाले आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
3. शैक्षणिक अर्हता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और संबंधित प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
4. अनुभव को न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताओं के पूर्ण होने की दिनांक से गिना जाएगा।
5. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा के दौरान गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने से किसी भी अवस्था में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
6. **निदेशक के पास आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/ घटाने का अधिकार सुरक्षित है।**
7. उम्मीदवार **आवेदन पत्र के शीर्ष पर परियोजना का नाम** लिखे। एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए **अलग से** आवेदन करें।
8. भविष्य निधि, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि किसी लाभ पर विचार नहीं किया जाएगा चूंकि पद पूर्ण रुप से अस्थायी आधार पर हैं।
9. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/एक्समैन/विभागीय उम्मीदवारों सहित प्रोजेक्ट उम्मीदवार को आयुसीमा में छूट भारत सरकार/आईसीएमआर मानदंड के अनुसार स्वीकार्य है। अनारक्षित पद हेतु आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
10. आयु सीमा में छूट एवं अनुभव पर वॉक-इन-इंटरव्यू / व्यक्तिगत चर्चा की दिनांक को विचार किया जाएगा।
11. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
12. केवल अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता/अनुभव को पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।
13. सरकारी सेवा/अर्द्ध-सरकारी/राज्य सरकार/केंद्र सरकार के स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू/लिखित परीक्षा/व्यक्तिगत चर्चा के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा, उन्हें लिखित/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
14. समुदाय/जाति प्रमाण पत्रः- ओबीसी श्रेणी के अधीन आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को:, निर्दिष्ट प्रारूप में ओबीसी गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जो उचित प्राधिकारी द्वारा वॉक-इन-इंटरव्यू टेस्ट और/या व्यक्तिगत चर्चा की तारीख से एक वर्ष के भीतर जारी किया जाएगा। केवल नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र स्वीकार किए जाएंगे और अन्य प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
15. सभी पदों के लिए प्रस्तावित अवधि संविदात्मक हैं। संतोषजनक प्रदर्शन और परियोजना की आवश्यकता के अधीन प्रत्येक विशिष्ट अवधि के पश्चात् नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकता है।
16. उपरोक्त पदों को पूरी तरह से अस्थायी आधार और अनुबंध के आधार पर भरा जाता है और उम्मीदवार को आईसीएमआर-एनआईएमआर के तहत किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के लिए दावा करने या किसी अन्य परियोजना में उसकी सेवाओं को जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
17. **निदेशक, एनआईएमआर के पास बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और इस मामले में किसी प्रकार का पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।**

18. अल्प सूचीबद्ध और रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी या आंतरिक दबाव और प्रभाव डालने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य मान लिया जाएगा। और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा।

19. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव रखने वाले उम्मीदवार वॉक-इन-इंटरव्यू या व्यक्तिगत चर्चा के लिए **निदेशक, आईसीएमआर-एनआईएमआर, सैक्टर-8 ,द्वारका नई दिल्ली में** दर्शाई गई दिनांक को वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा (जो लागू हो) के लिए निर्धारित समय पर निम्नानुसार उपस्थित रहे:-

वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए समय सारणी

पद	**पंजीकरण और दस्तावेज़ के सत्यापन की दिनांक और समय**
सीनियर रिसर्च फैलो	29.07.2021 को 09:00 पूर्वाह्न से 10:00 पूर्वाह्न तक
प्रोजेक्ट सहायक , रुपये 31,000/-	30-07-2021 को 09:00 पूर्वाह्न से 10:00 पूर्वाह्न तक
प्रोजेक्ट सहायक , रुपये 18,000/-	
रिसर्च एसोसिएट-I	On 02-08-2021 09:00 पूर्वाह्न से 10:00 पूर्वाह्न तक

नोट:

क) दस्तावेजों के पंजीकरण और सत्यापन के बाद उसी दिन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) यदि किसी पद के लिए 30 से अधिक उम्मीदवार हैं, तो लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी और अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों पर साक्षात्कार / व्यक्तिगत चर्चा के लिए विचार किया जाएगा।

20. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र (1) शैक्षिक योग्यता (2) जन्म तिथि का प्रमाण (3) अनुभव प्रमाण पत्र /प्रशस्ति पत्र (4) पासपोर्ट आकार का स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ (5) पहचान प्रमाण(पूर्व आधार/पैन/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) (6) सभी दस्तावेजों की स्व सत्यापित प्रतियों का एक सेट।(7)एससी/एसटी/ओबीसी प्रमाण पत्र, यदि लागू हो। (8) उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत करने होगे।

21. निर्धारित दिनांक/समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी।

22. उपर्युक्त रिक्तियाँ, नोटिस के संबंध में कुछ जोड़/भूल-सुधार केवल www.nimr.org.in वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कोई भी पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि कृपया नियमित रूप से वेबसाइट (www.nimr.org.in) देखते रहे और अपने आप को अद्यतित रखें।

आईसीएमआर-एनआईएमआर के संबंध में सूचना वेबसाइट https://nimr.icmr.org.in/index.php/notifications/vacancies और https://main.icmr.nic.in/. पर देखी जा सकती है।

नोटः उम्मीदवारों द्वारा वॉकइन-इन्टरव्यू के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निम्नलिखित निवारात्मक उपायों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान और परिसर के भीतर कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोका जा सके।

क) चेहरे को ढकने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है।

ख) सार्वजनिक एवं कार्य स्थल में थूकना जुर्माना सहित दंडनीय है, जैसाकि राज्य/स्थानीय प्राधिकरण के कानूनों, नियमों या नियामकों के अनुसार निर्धारित है।

ग) सार्वजनिक स्थलों एवं परिवहन स्थलों पर सभी व्यक्तियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन किया जाए।

घ) थर्मल जाँच का प्रावधान, हाथ धोना और सेनिटाइजर सभी प्रवेश एवं निकास बिन्दुओं और सामान्य क्षेत्रों पर किया जाएगा।

ङ) आरोग्य सेतु एप्प का उपयोग अनिवार्य है।

च) एक ही स्थान पर कई लोगों की भीड़ नहीं होनी चाहिए।

छ) जहाँ तक संभव हो उम्मीदवार अन्य लोगों/उम्मीदवारों के फोन, डेस्क, कार्यस्थल या अन्य कार्य उपकरण एवं साधनों का उपयोग करने से बचे। उनका उपयोग करने से पहले एवं बाद में साफ एवं विसंक्रमित करें।

ज) कोरिडोर में बिना वजह एकत्रित एवं भीड़ न करें और दूरी बनाए रखे।

निदेशक

आईसीएमआरएनआईएमआर-

आईसीएमआर/एनआईएमआर वेबसाईट पर 19.07.2021 को प्रकाशित